6 मुर्गा और लोमड़ी

पठन से पूर्व — कुछ पशु-पक्षी धूर्त (चालाक) होते हैं, तो कुछ भोले-भाले, किंतु अपनी सूझबूझ का प्रयोग करके विपत्ति से छुटकारा पाने वाले ही समझदार कहलाते हैं।

चर्चा करें — विभिन्न पशु-पक्षियों के विषय में चर्चा करके उनके स्वभाव के बारे में बच्चों को बताएँ।

जीवन-मूल्य — पशु-पक्षियों के बारे में जानकारी, धैर्य एवं सूझबूझ से काम निकालना तथा बिना घबराए परिस्थिति का मुकाबला करना।

एक समय की बात है। एक लोमड़ी गाँव के रास्ते से जा रही थी। अचानक उसकी नज़र पेड़ की डाल पर बैठे एक मुर्गे पर पड़ी। उसने मुर्गे से पूछा— तुम डाल पर क्या कर रहे हो? मुर्गे को तो ज़मीन पर चलते-फिरते रहना चाहिए। आओ, नीचे उतर आओ।

मुर्गे ने कहा — मैं खूँखार जानवरों के डर से यहाँ बैठा हूँ।

लोमड़ी बोली — अरे, क्या आज का सबसे बड़ा समाचार तुमने नहीं सुना? सभी पशु-पक्षियों

मौखिक प्रश्न
1. लोमड़ी की नज़र किस पर पड़ी?
2. उसने मुर्गे से क्या कहा?
3. मुर्गे ने उसे क्या जवाब दिया?

Scanned with CamScanner

में समझौता हो गया है। अब कोई किसी पर हमला नहीं करेगा।

मुर्गे ने कहा — यह तो बड़ा अच्छा समाचार है! यह कहते-कहते उसने अपनी गरदन उठाकर देखा— मानो दूर की कोई चीज़ देख रहा हो।

लोमड़ी बोली — क्या देख रहे हो?

मुर्गा बोला — कुछ नहीं, कुछ नहीं। पता नहीं क्यों कुछ भयानक शिकारी कुत्ते तेज़ी से इस ओर दौड़े चले आ रहे हैं!

लोमड़ी *(घबराकर)* — ऐसी बात है? अच्छा! क्षमा करना मित्र, मैं चली!

मुर्गा बोला — अरे! तुम घबरा क्यों गईं? तुम्हें क्या डर है? पशु-पक्षियों में तो समझौता हो गया है न!

लोमड़ी बोली — सच है, परंतु लगता है कुत्तों ने अभी तक यह समाचार नहीं सुना है।

इस प्रकार अपनी सूझबूझ से मुर्गे ने लोमड़ी से अपनी रक्षा की।

—सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

मौखिक प्रश्न
1. लोमड़ी ने कौन-सा समाचार सुनाया?
2. मुर्गा अपनी गरदन उठाकर क्या कर रहा था?
3. लोमड़ी घबराकर भाग क्यों गई?

Scanned with CamScanner

शब्दार्थ

खूँखार	= भयानक, डरावना (blood thirsty, scary)	हमला	= आक्रमण (attack)
समाचार	= खबर (news)	क्षमा करना	= माफ़ करना (forgive)
समझौता	= मेल, सुलह (compromise)	रक्षा	= बचाव (to protect)

अभ्यास

पाठ-ज्ञान

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए Tick (✓) the right answer :

(क) लोमड़ी ने पेड़ की डाल पर किसे देखा?

कौए को ☐ मुर्गे को ☑ गिलहरी को ☐

(ख) मुर्गे ने लोमड़ी को दूर से किसके आने की बात बताई?

शेर के ☐ हाथी के ☐ शिकारी कुत्तों के ☐

(ग) लोमड़ी वहाँ से क्यों चली गई?

- शिकारी कुत्तों के डर से ☐
- शेर के आ जाने से ☐
- अपनी गलती पकड़े जाने से ☐

2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए Answer these questions :

(क) लोमड़ी कहाँ से जा रही थी?

....

(ख) लोमड़ी क्यों घबरा गई?

....

Scanned with CamScanner

(ग) लोमड़ी ने भागने से पहले क्या कहा?

....

(घ) आप मुर्गे की जगह होते, तो क्या करते? *(मूल्यपरक प्रश्न)*

....

....

3. किसने कहा? सोचकर लिखिए Think and write :

वाक्य	किसने कहा
(क) मुर्गे को तो ज़मीन पर चलते-फिरते रहना चाहिए।	....लोमड़ी ने....
(ख) यह तो बड़ा अच्छा समाचार है!	....
(ग) ऐसी बात है? अच्छा!	....
(घ) पशु-पक्षियों में तो समझौता हो गया है न!	....

शब्द संपदा

1. पढ़िए, समझिए और याद कीजिए Read, understand and learn :

(क) अचानक — एकाएक, सहसा
डाल — शाखा, टहनी
पक्षी — चिड़िया, खग

(ख) गाँव × शहर
आज × कल
दूर × पास

2. शब्दों के जोड़े बनाइए Make pairs :

लिखते, कूदते, जागते, बैठते, पीते, फिरते

चलते - ....फिरते....
खाते - ....
पढ़ते - ....
उठते - ....
सोते - ....
उछलते - ....

3. **श्रुतलेख लिखिए** Listen and write :

ज़मीन   खूँखार   लोमड़ी   मुर्गा   सूझबूझ   समाचार   भयानक

भाषा-बोध

1. **एक से अनेक बनाइए** Change one into many :

मुर्गा	—	..........मुर्गे..........	लोमड़ी	—	......लोमड़ियाँ......
कुत्ता	—	....	बिल्ली	—	....
घोड़ा	—	....	मछली	—	....
गधा	—	....	गिलहरी	—	....

2. **शब्दों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए** Complete the sentences with the help of correct words in the box :

से
को
ने
पर
की

(क) लोमड़ी ने मुर्गे ..को.. एक पेड़ ..की.. डाल पर देखा।

(ख) लोमड़ी .... उसे नीचे ज़मीन .... उतरने के लिए कहा।

(ग) मुर्गे ने सूझबूझ .... अपनी जान बचाई।

3. **पशु-पक्षियों को उनकी सही बोलियों से मिलाइए** Match the pictures of birds and animals with their right sounds :



भौं-भौं

म्याऊँ-म्याऊँ

टें-टें

कुकड़ूँ-कूँ

टर्र-टर्र

काँव-काँव

Scanned with CamScanner

वाचन कौशल का विकास

'अंगूर खट्टे हैं' — यह कहानी आप अपनी अध्यापिका से सुनिए। फिर उचित हाव-भाव से अपने दोस्तों को सुनाइए Listen to the story of 'Grapes are sour' from your teacher. Narrate to your friends with proper expressions.

कुछ नया करें

मुर्गा अधिक होशियार था या लोमड़ी? क्यों? सोचकर लिखिए—
Who was more clever – Cock or Fox? Think and answer :

....

....

....

....

खेल-खेल में

बच्चो, आप सभी छात्र-छात्राएँ मिलकर 'उड़ा-उड़ी' का खेल खेलिए। सभी अपनी एक-एक उँगली ज़मीन पर रखें। कोई एक छात्र/छात्रा पशु-पक्षियों के नाम बोले। पक्षी का नाम आने पर 'उड़ा' या 'उड़ी' बोलिए और उँगली ऊपर उठाइए। जो छात्र/छात्रा न उड़ने वाले जीव के नाम पर उँगली उठाएगा, वह खेल से बाहर हो जाएगा।

Scanned with CamScanner